ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
कृषि अनुसंधान केन्द्र
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
बीकानेर – 334006
Phone 0151 2250018, 0151 2250570
Email: arsagrometbikaner@gmail.com

Øekd% ,Q@,xk@,xkeV-@26 fnukd% **20.11..2026**
fty[k& chdkuj

मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि सलाह
अवधि 20 नवंबर 2026 से 24 नवंबर 2026 तक

गत सप्ताह के मौसम की समीक्षाः इस दौरान अधिकतम तापमान 32.4 से 35.1 ºC एवं न्यूनतम तापमान 13.7 से 15.8ºC के मध्य रहा। इस दौरान धीमी गति की हवायें चली एवं आपेक्षिक आर्द्रता 46 से 85% रही ।	आगामी सप्ताह की मौसम भविष्यवाणीः भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली एवं राज्य मौसम केन्द्र, जयपुर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर बीकानेर जिले में आगामी 5 दिनों के दौरान (20.11.2026 से 24.11.2026) 20.11.2026 से 21.11.2026 व 24.10.2026 को बादल छाए रहने 22.11.2026 से 23.11.2026 तक घने बादल छाए रहने, न्यूनतम तापमान 11.0-13.0ºC और अधिकतम तापमान 27.0-28.0ºC के मध्य रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तरी उत्तरी पूर्वी, उत्तरी पूर्वी और पूर्वी उत्तरी पूर्वी दिशा से कम गति की हवायें कम सापेक्ष आर्द्रता के साथ चलने की संभावना है।

मौसम कारक	दिनांक				
	20.11.2026	21.11.2026	22.11.2026	23.11.2026	24.11.2026
वर्षा (एम.एम.)	0	0	0	0	0
आसमान में बादलो की स्थिति	बादल	बादल	घने बादल	घने बादल	बादल
अधिकतम तापमान (º C)	**27**	**28**	**27**	**27**	**27**
न्यूनतम तापमान (º C)	**13**	**13**	**12**	**12**	**11**
वायु दिशा	पूर्वी उत्तरी पूर्वी	पूर्वी उत्तरी पूर्वी	उत्तरी पूर्वी	उत्तरी उत्तरी पूर्वी	उत्तरी पूर्वी
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत)	**43**	**63**	**67**	**58**	**38**
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत)	**17**	**27**	**33**	**24**	**15**
औसत वायु गति (कि./घण्टा)	**2**	**2**	**2**	**1**	**1**
वर्षा (एम.एम.)	**00.00**				

कृषकों के लिए कृषि सलाह (Agro Advisory): गत सप्ताह की मौसम समीक्षा एवं इस सप्तक के लिए मौसम पूर्वानुमान के आधार पर किसान भाइयों को निम्न सलाह दी जाती है ।

विशेष सलाह	रबी फसलों जैसे मेथी, गेहूं, जीरा, इसबगोल की बुआई की तैयारी करें, बीज, खाद आदि की व्यवस्था करें।		
फसल	**अवस्था**	**विवरण**	**कृषि सलाह**
मूंगफली	पकाव	कटाई	फसल की कटाई उसकी शारीरिक पकाव अवस्था में करें।
चना	बुआई की तैयारी	किस्में, बीज दर एवं बीजोपचार	जोन 1 सी के लिए देसी चना की जी. एन. जी. 2144, जी. एन. जी. 1958, जी. एन. जी. 1581, जी. एन. जी. 1488 एवं काबुली चना की जी. एन. जी. 1969, जी. एन. जी. 1499 आदि उन्नत किस्में उपयुक्त है । एक हेक्टयर क्षेत्र के लिए चने के लिए 60-80 किग्रा बीज, काम मे लेवें।
मेथी	बुआई की तैयारी	किस्में, बीज दर एवं बीजोपचार	मेथी की आर एम टी 1 व आर एम टी 305 आदि उन्नत किस्में कृषि जलवायु खंड 1 सी के लिए उपयुक्त है । एक हेक्टयर क्षेत्र के लिए देसी मैथी के लिए 24 किग्रा बीज एवं कसूरी मैथी की लिए 10 किग्रा बीज काम मे लेवें।
तारामीरा/ सरसों	बुआई की तैयारी	बुआई का समय, बीज दर, बीजोपचार एवं किस्में	तारामीरा अथवा सरसों की बुआई का उचित समय, एक बीघे भूमि क्षेत्र में तारामीरा एवं सरसों का 1-1 किलोग्राम बीज प्रयोग करें। बुआई से पहले सरसों के बीज को 5 ग्राम एप्रोन 35 एसडी/किग्रा बीज को उपचारित करें। जोन 1 सी के लिए सरसों की गिरिराज, आर. जी. एन. 73, आर. जी. एन. 229, आर. एच. 749, आर. जी. एन. 48, आर. एच. 119 तथा तारामीरा की आर. टी. एम. 314, आर. टी. एम. 2002 उन्नत किस्मों का चुनाव करें।
गेहूँ एवं जौ	बुआई की तैयारी	किस्में, बीज दर एवं बीजोपचार	गेहूँ की राज - 1482, राज - 3077, राज - 3765, एच. डी. - 2329, एच. डी. - 2687, राज - 3777, पी. बी. डब्ल्यू. - 373, डब्ल्यू. एच. - 147, राज - 4083, राज - 4120, जौ की बुवाई के लिए उन्नत किस्में आर.डी. - 2052, आर.डी. - 2035, आर.डी. - 2508 व आर.डी. - 2715, आदि उन्नत किस्में कृषि जलवायु खंड 1 सी के लिए उपयुक्त है । एक हेक्टयर क्षेत्र के लिए गेंहूँ के लिए 100 किग्रा बीज, जौ के लिए 80-100 किग्रा बीज काम मे लेवें।
ईसबगोल एवं जीरा	बुआई की तैयारी	किस्में, बीज दर एवं बीजोपचार	जीरा की जी सी 4, आरऐस 1, आरजैड 19, आरजैड 223, ईसबगोल की आर आई 89 व जीआई 2 आदि उन्नत किस्में कृषि जलवायु खंड 1 सी के लिए उपयुक्त है । एक हेक्टयर क्षेत्र के लिए जीरा के लिए 12-20 किग्रा बीज, ईसबगोल के लिए 5 किग्रा बीज काम मे लेवें।
चारा प्रबंधन	बुआई की तैयारी	बुआई	बरसीम की पहली कटाई से अधिक चारा उत्पादन प्राप्त करने के लिए बुआई के समय चाइनीज कैबेज या जई का बीज मिला दें। अधिक हरा चारा उत्पादन प्राप्त करने के लिए जई की बुवाई के लिए OS 6, OS 9 और बरसीम की बुवाई के लिए BL 10, BL 22 उन्नत किस्मों के बीज काम में लेवें।
पशुपालन	स्वास्थ्य प्रबंधन		पंजीकृत पशुचिकित्सक के मार्गदर्शन के अनुसार पशुओं को एंडो परजीवियों के खिलाफ कृमिनाशक दवा दें।

तकनीकी अधिकारी
ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

क्षेत्रीय अनुसन्धान निदेशक एवं
नोडल ऑफिसर – ग्रामीण कृषि मौसम सेवा